**CLASS : 10th** (Secondary) **Code No. 5501**

**Series : Sec. April/2021**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी

## भाग – I

(आत्मनिष्ठ प्रश्न)

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : 2½ घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80* (भाग–I : 40, भाग–II : 40)

| |
|---|
| प्रश्न-पत्र दो भागों में विभाजित है : भाग–I (आत्मनिष्ठ) एवं भाग–II (वस्तुनिष्ठ)। परीक्षार्थी को दोनों भागों के प्रश्नों के उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न-पत्र का भाग–I परीक्षा आरम्भ होने पर पहले उत्तर-पुस्तिका के साथ दिया जाएगा तथा भाग–II के लिए आखिरी का एक घंटे का समय दिया जाएगा अर्थात् परीक्षा समाप्त होने से एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को भाग–II का प्रश्न-पत्र दिया जाएगा। भाग–I के प्रश्न-पत्र में कुल 9 प्रश्न एवं भाग–II के प्रश्न-पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं। |

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–I** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **9** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Previous Pathshala

## खण्ड – क

**1.** दोहा छंद का लक्षण लिखिए। 2

**2.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 5

(क) पर्यावरण संरक्षण

(ख) इंटरनेट का महत्त्व

(ग) योग और स्वास्थ्य

(घ) विद्यार्थी और अनुशासन

(ङ) मेरा प्रिय नेता

**3.** विद्यालय में स्वच्छ जल की व्यवस्था करवाने के बारे में मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

मोबाइल गेम्स का दुष्परिणाम बताते हुए छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

## खण्ड – ख

**4.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

नाथ संभुधनु भंजनिहारा । होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिय किन मोही । सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई । अरि करनी करि करिअ लराई।।
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा । सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।।

***प्रश्न :*** –

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए। 1

(ii) प्रस्तुत काव्यांश में निहित भाव सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। 2



Previous Pathshala

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 + 3 = 6

(क) 'कन्यादान' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'उत्साह' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) पठित पदों के आधार पर गोपियों का योग साधना के प्रति दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड – ग**

**6.** निम्नलिखित गद्यांश से संबंधित नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर दीजिए :

आसमान बादल से घिरा; धूप का नाम नहीं। ठंडी पुरवाई चल रही। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर-तरंग झंकार सी कर उठी। यह क्या है – यह कौन है ! यह पूछना न पड़ेगा। बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े अपने खेत में रोपनी कर रहे हैं। उनकी अँगुली एक-एक धान के पौधे को, पंक्तिबद्ध, खेत में बिठा रही है। उनका कंठ एक-एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर कुछ को ऊपर, स्वर्ग की ओर भेज रहा है और कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर। बच्चे खेलते हुए झूम उठते हैं, मेंड़ पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उठते हैं, वे गुनगुनाने लगती हैं।

***प्रश्न*** : –

प्रस्तुत गद्यांश के लेखक का नाम और पाठ का नाम बताते हुए, स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने भगत के संगीत को जादू क्यों कहा है ? 3

**7.** यशपाल ***अथवा*** स्वयं प्रकाश का जीवन परिचय देते हुए, उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

**8.** लेखक ने फ़ादर कामिल बुल्के को मानवीय करुणा की दिव्य चमक क्यों कहा है ? 3

**अथवा**

'लखनवी अंदाज़' पाठ में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।



Previous Pathshala

**खण्ड – घ**

**9.** ***'कृतिका (भाग-2)'*** के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(क) 'साना-साना हाथ जोड़ि....' प्रार्थना के भाव का वर्णन कीजिए।

(ख) 'माता का अँचल' पाठ में साँप निकलने की घटना से भोलानाथ एवं साथियों की क्या हालत हुई ?

(ग) मूर्तिकार जॉर्ज के नाप की नाक की खोज में देश-दौरे पर किस-किस प्रांत में पहुँचा ?

(घ) रानी एलिज़ाबेथ द्वितीय के ऐश्वर्य का वर्णन कीजिए।

(ङ) सिक्किम के अधिकतर लोगों की जीविका का साधन क्या है ?



Previous Pathshala

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 5501**

**Series : Sec. April/2021**

*Roll No.* [ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ]

***SET : A***

# हिन्दी

## भाग – II

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग-II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **40** हैं।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

*(iii) प्रश्न संख्या **1** से **16** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द/वाक्य/रिक्त स्थान की पूर्ति में दीजिए तथा **17** से **40** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। **सही** उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

***निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :***

**1.** अनुप्रास अलंकार का उदाहरण दीजिए।

**2.** *'पीपर पात सरिस मन डोला'* में .......... अलंकार है।

**3.** 'एक और एक ग्यारह' मुहावरे का अर्थ बताइए।

**4.** 'दशानन' – विग्रह करके समास का नाम लिखिए।

**5.** 'यथाशक्ति' – विग्रह करके समास का नाम लिखिए।

**6.** 'कपड़ा' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**7.** 'चंद्र' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**8.** संधि किसे कहते हैं ?

**9.** 'जगन्नाथ' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।



Previous Pathshala

**10.** 'उपरि + उक्त' की संधि कीजिए।

**11.** अल्पायु का विलोम शब्द लिखिए।

**12.** उत्थान का विलोम शब्द लिखिए।

**13.** 'अभि' - उपसर्ग लगाकर शब्द रचना कीजिए।

**14.** दुस्साहस - उपसर्ग छाँटिए।

**15.** अक - प्रत्यय लगाकर शब्द रचना कीजिए।

**16.** कड़वाहट - प्रत्यय छाँटिए।

***निम्नलिखित काव्य खण्ड बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :***

**17.** गोपियों के मन को कौन चुराकर ले गया ?

(i) बलराम (ii) कृष्ण

(iii) उद्धव (iv) भँवरा

**18.** सूरदास के आराध्य कौन हैं ?

(i) श्रीराम (ii) शक्ति

(iii) शिव (iv) श्रीकृष्ण

**19.** उद्धव गोपियों को कौन-सा संदेश देते हैं ?

(i) प्रेम का (ii) भक्ति का

(iii) योग साधना का (iv) मोक्ष साधना का

**20.** *'खर कुठार मैं अकरुन कोही'* - में 'कोही' का अर्थ क्या है ?

(i) कोई (ii) कोढ़ी

(iii) क्रोधी (iv) काला

**21.** 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' तुलसीदास जी के कौन-से ग्रंथ से लिया गया है ?

(i) विनयपत्रिका (ii) गीतावली

(iii) रामचरितमानस (iv) कवितावली

**22.** 'भृगुकुलकेतु' किसे कहा गया है ?

(i) राम को (ii) लक्ष्मण को

(iii) परशुराम को (iv) विश्वामित्र को



Previous Pathshala

**23.** कवि 'देव' ने बसंत को किस रूप में चित्रित किया है ?

(i) बालक के (ii) वृद्ध के

(iii) युवती के (iv) युवक के

**24.** श्रीकृष्ण किंकिनि कहाँ पहने हुए हैं ?

(i) पाँव में (ii) कटि में

(iii) माथे पर (iv) गले में

**25.** 'उत्साह' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(i) नागार्जुन (ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (iv) ऋतुराज

**26.** 'अट नहीं रही है' - कविता में किस मास का वर्णन है ?

(i) कार्तिक (ii) सावन

(iii) आषाढ़ (iv) फागुन

**27.** 'कन्यादान' कविता में किसके अनुभवों की पीड़ा की प्रामाणिक अभिव्यक्ति की गई है ?

(i) माँ (ii) भाई

(iii) पिता (iv) बेटा

**28.** 'कन्यादान' कविता में किसे 'शाब्दिक भ्रम' कहा गया है ?

(i) वस्त्र और आभूषण को (ii) शब्दों के जाल को

(iii) सौंदर्य को (iv) धुंधले प्रकाश को

***निम्नलिखित गद्य खण्ड बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :***

**29.** 'नेताजी का चश्मा' पाठ का लेखक कौन है ?

(i) स्वयं प्रकाश (ii) यशपाल

(iii) रामवृक्ष बेनीपुरी (iv) मन्नू भण्डारी

**30.** मूर्ति को चश्मा कौन पहनाता है ?

(i) हालदार (ii) पानवाला

(iii) कैप्टन (iv) चायवाला

**31.** बालगोबिन भगत किसके पदों का गायन करते थे ?

(i) सूरदास (ii) कबीर

(iii) मीरा (iv) तुलसीदास



Previous Pathshala

**32.** नेताजी की प्रतिमा बनाने वाले मास्टर का क्या नाम था ?

(i) मोतीलाल (ii) चम्पक लाल

(iii) रामलाल (iv) शामलाल

**33.** बालगोबिन भगत के बेटे का अंतिम संस्कार किसने किया ?

(i) बालगोबिन भगत ने (ii) गाँव वालों ने

(iii) उनकी पुत्रवधू ने (iv) पड़ोसियों ने

**34.** बालगोबिन भगत के कितने पुत्र थे ?

(i) एक (ii) दो

(iii) तीन (iv) चार

**35.** 'लखनवी अंदाज़' किस प्रकार की रचना है ?

(i) व्यंग्यात्मक (ii) संस्मरणात्मक

(iii) आत्मकथात्मक (iv) नाटकीय

**36.** नवाब साहब खाने की कौन-सी वस्तु तौलिए पर रखकर बैठे थे ?

(i) रोटी (ii) सेब

(iii) खीरा (iv) केला

**37.** लेखक ने फ़ादर कामिल बुल्के की तुलना किस वृक्ष से की है ?

(i) वटवृक्ष (ii) पीपल

(iii) देवदारु (iv) नीम

**38.** 'फ़ादर कामिल बुल्के' पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(i) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (ii) यशपाल

(iii) मन्नू भण्डारी (iv) यतींद्र मिश्र

**39.** फ़ादर कामिल बुल्के की मृत्यु कैसे हुई ?

(i) बुखार से (ii) जहरबाद से

(iii) गिरने से (iv) कैंसर से

**40.** फ़ादर कामिल बुल्के कहाँ के रहने वाले थे ?

(i) जर्मनी (ii) फ्रांस

(iii) बेल्जियम (iv) लंदन



Previous Pathshala